Under CSR Support by Ipca | Foundation missiongyan

## अध्याय - 6 | व्यवसाय का सामाजिक उत्तरदायित्व एवं व्यावसायिक नैतिकता

**QUIZ PART-09**

1. **सामाजिक उत्तरदायित्व का अर्थ किन कार्यों से है?**
A. केवल लाभ कमाने वाले कार्य
B. ऐसे कार्य जो समाज के हित में हों
C. विज्ञापन बढ़ाने वाले कार्य
D. केवल लागत घटाने वाले कार्य (B)
***व्याख्या :*** सामाजिक उत्तरदायित्व उन कार्यों को कहा गया है जो समाज के हित में किए जाएँ और समाज को लाभ पहुँचाएँ।

2. **सामाजिक उत्तरदायित्व और कानूनी उत्तरदायित्व में मुख्य अंतर क्या है?**
A. कानूनी उत्तरदायित्व स्वैच्छिक है
B. सामाजिक उत्तरदायित्व कानून के अनुसार होता है
C. सामाजिक उत्तरदायित्व स्वैच्छिक होता है
D. दोनों अनिवार्य होते हैं (C)
***व्याख्या :*** कानूनी उत्तरदायित्व कानून पालन से जुड़ा है, जबकि सामाजिक उत्तरदायित्व स्वैच्छिक रूप से निभाया जाता है।

3. **वातावरण में कौन-कौन से संसाधन शामिल होते हैं?**
A. केवल प्राकृतिक
B. केवल मानव-निर्मित
C. प्राकृतिक और मानव-निर्मित दोनों
D. केवल सामाजिक संस्थाएँ (C)
***व्याख्या :*** वातावरण में प्राकृतिक (जल, वायु, मिट्टी, वनस्पति) और मानव-निर्मित संसाधन (संस्कृति, सामाजिक संस्थाएँ) दोनों शामिल हैं।

4. **वायु प्रदूषण का मुख्य कारण क्या बताया गया है?**
A. धूल मिट्टी
B. हानिकारक गैसों का वातावरण में मिलना
C. अधिक वर्षा
D. पेड़ काटना (B)
***व्याख्या :*** वायु प्रदूषण हानिकारक गैसों (जैसे CO) के वातावरण में मिलने से होता है, जो वाहनों व कारखानों से निकलती हैं।

5. **जल प्रदूषण किसके कारण होता है?**
A. पेड़ों की कटाई
B. रसायनों व कचरे के जल में मिलने से
C. हवा की नमी से
D. बारिश के पानी से (B)
***व्याख्या :*** नदियों व झीलों में रसायन, कचरा या अशुद्ध जल मिलने से जल प्रदूषण होता है।

6. **भूमि प्रदूषण का परिणाम क्या है?**
A. भूमि की उर्वरता बढ़ जाती है
B. भूमि की उपजाऊ क्षमता घट जाती है
C. जंगल बढ़ जाते हैं
D. पानी का स्तर बढ़ जाता है (B)
***व्याख्या :*** कचरा खुले में फेंकने या दबाने से भूमि की गुणवत्ता और उपजाऊ क्षमता घटती है।

7. **व्यावसायिक नैतिकता किन सिद्धांतों और मूल्यों से संबंधित है?**
A. केवल उत्पादन लागत से
B. सामाजिक अपेक्षाओं के अनुरूप नैतिक व्यवहार से
C. विज्ञापन तकनीक से
D. कर कमी प्रक्रिया से (B)
***व्याख्या :*** व्यावसायिक नैतिकता उन सिद्धांतों और मूल्यों से संबंधित है जो व्यवसाय को नैतिक रूप से कार्य करने हेतु प्रेरित करते हैं।

8. **सामाजिक उत्तरदायित्व के मुख्य क्षेत्र में निम्न में से कौन शामिल नहीं है?**
A. उपभोक्ताओं के प्रति उत्तरदायित्व
B. कर्मचारियों के प्रति उत्तरदायित्व
C. शेयरधारकों के प्रति उत्तरदायित्व
D. केवल लाभ कमाना (D)
***व्याख्या :*** लाभ कमाना उद्देश्य है, जबकि सामाजिक उत्तरदायित्व में उपभोक्ता, कर्मचारी, निवेशक, सरकार, समाज और पर्यावरण शामिल हैं।

9. **कंपनी अधिनियम 2013 के अनुसार CSR कितने प्रतिशत शुद्ध लाभ पर आधारित है?**
A. 10%
B. 5%
C. 2%
D. 12% (C)
***व्याख्या :*** कंपनियों को पिछले तीन वर्षों के औसत शुद्ध लाभ का 2% CSR गतिविधियों पर व्यय करना अनिवार्य है।

10. **CSR लागू होने की कौन-सी शर्त सही है?**
A. टर्नओवर ₹100 करोड़
B. शुद्ध मूल्य ₹500 करोड़ या अधिक
C. शुद्ध लाभ ₹1 करोड़
D. केवल 100 कर्मचारी (B)
***व्याख्या :*** CSR लागू तभी होता है जब शुद्ध मूल्य ₹500 करोड़, टर्नओवर ₹10,000 करोड़ या शुद्ध लाभ ₹5 करोड़ या अधिक हो।

निशान ज्ञान
जब चाह, जहाँ चाह, जैसे चाह!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App